प्रसारण तिथि : 19.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल की अपील : विकसित प्रदेश क लिये जनता से मांगे सुझाव।**
2. **मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों का लिया जायज़ा : 25 से 29 सितम्बर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में पांच लाख से ज्यादा देशी–विदेशी खरोदार होंगे शामिल।**
3. **राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एचबीटीयू कानपुर के दीक्षांत समारोह में हुई शामिल : छात्राओं की बढ़ती उपलब्धियों को बताया बदलते समाज की नई सोच का प्रतीक।**

**और**

4. **सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने स्वच्छता के लिये लोगों को किया जागरूक।**

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा में अन्त्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित महोत्सव को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक ज़िला एक उत्पाद योजना और वोकल फॉर लोकल अभियान से लाखों कारीगरों और शिल्पकारों**

को रोज़गार मिला है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों में हर नागरिक केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपहार दे। बाइट.....

*हमारा हस्तशिल्पी हमारा कारीगर जो भी उत्पाद बनाता है, अगर हम उसको खरीदते हैं, उसके लिए बाजार उपलब्ध करवाते हैं तो हमारा पैसा हमारे हस्तशिल्पी और कारीगरों के जेब में जाएगा। वह देश के विकास में लगेगा। अगर हम विदेश वस्तु खरीदते हैं उसका मुनाफा विदेशों में जाएगा। इसीलिए कहा जा रहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को हमें खरीदना चाहिए। उसको हम खरीदेंगे। हमारा पैसा हमारे देश में हमारे ही हस्तशिल्पी और कारीगरों की खुशहाली का आधार बनेगा।*

इसके बाद मुख्यमंत्री ने गाज़ियाबाद में विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सुझाव आमंत्रण और जन–जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित भारत वर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी पुस्तक का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने सुझाव सरकार के साथ साझा करें। उन्होंने कहा प्रदेश के 5 अच्छे सुझावों को भव्य कार्यक्रम मे सम्मानित किया जाएगा। बाइट.....

*समर्थ उप पोर्टल पर आपको क्यूआर कोड को डाउनलोड करके उसमें अपने सुझाव को अपलोड करना है कि इस फील्ड में हमारा ये सुझाव है। और मैं आप सब से इस बारे में कहूँगा कि जो बारह सेक्टर हमने चौन किए है इसके लिए इसमें हर जनपद के तीन सुझाव जो विकसित उत्तर प्रदेश के लिए उनको हम इसी प्रकार के एक बड़े कार्यक्रम में जनपद के अंदर ही*

*सम्मानित करने का काम करेंगे और प्रदेश के अंदर ऐसे पाँच सुझाव हम लखनऊ में एक बड़े समारोह में उनको सम्मानित करने का काम करेंगे।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ग्रेटर नोएडा पहुंचकर 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी और राकेश सचान भी मौजूद रहे। इंडिया एक्सपो मार्ट में होने वाले इस आयोजन स्थल का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होना प्रस्तावित है। ट्रेड शो के उद्घाटन में कई देशों के राजनयिक भी शामिल भी होंगे। आयोजन में रूस कंट्री पार्टनर के रूप में हिस्सा ले रहा है। 29 सितंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में प्रदेश के जीआई उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। इस आयोजन में इस बार 5 लाख से अधिक विज़िटर्स आने की उम्मीद है। इनमें 2.5 लाख बी2बी विज़िटर्स और 3 लाख बी2सी विज़िटर्स शामिल होंगे। प्रदर्शकों की संख्या बढ़कर 2500 से अधिक हो जाएगी। 500 से अधिक विदेशी खरीदार आने की संभावना है। इस ट्रेड शो को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का सातवां

दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुल 1015 उपाधियाँ वितरित कीं, जिनमें 78 प्रतिशत छात्राएँ तथा 22 प्रतिशत छात्र सम्मिलित रहे। राज्यपाल ने जनपद औरैया के आंगनबाड़ी केन्द्रों कि लिये 300 आंगनबाड़ी किटों का भी वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी केवल एक आँकड़ा नहीं बल्कि बदलते समाज की नई सोच और ऊर्जा का प्रतीक है।

———————

जीएसटी सुधारों की नई कर दरें सोमवार से लागू होंगी। आज हम इन सुधारों के ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रभाव पर एक नज़र डालेंगे।...........

*आम आदमी को बडी राहत देते हुए, जीएसटी परिषद ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में महत्वपूर्ण कर कटौती की की है। ऑटोमोबाइल उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विनिर्माण, बिक्री, वित्त पोषण और रख रखाव के क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ से ज़्यादा रोज़गार प्रदान करता है। जीएसटी दरें कम होने से वाहनों की माँग में वृद्धि होगी, जिससे न केवल ऑटोमोबाइल निर्माताओं को बल्कि टायर, बैटरी, कलपुर्जे, कांच, स्टील, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे इस क्षेत्र से संबंधित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी की नई कर दरें सोमवार से लागू होंगी। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

सेवा और सुशासन अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदो के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में आज हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उनके जीवन स्तर में सुधार किया है।......

*भारत में विविध जनजातियां रहती हैं। इनकी संख्या 10 करोड़ 45 लाखसे ज़्यादा है। सरकार द्वारा शुरू की कई प्रमुख योजनाओं में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्यों का बजट 2013–14 से अब पाँच गुना तक बढ गया है। प्रधानमंत्री जन जाति आदिवासी न्याय अभियान विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समहों के लिए न्याय, सम्मान और उत्थान का एक शक्तिशाली मिशन बन गया है।*

*साथियों आदिवासी कल्याण हमेशा से एनडीए सरकार की प्राथमिकता रहा है। जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई इस पर हमारी सरकार का बहुत जोर है।*

*यह पहल 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 75 समुदायों के जीवन में बदलाव ला रही है। धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 17 विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य*

*स्वास्थ्य तथा शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और आजीविका के अवसर प्रदान करके 63 हजार से अधिक गांवों में आधारभूत सुविधाओं की कमी को पूरा करना है। समाचार कक्ष से कनकलता।*

——————————

सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज पीलीभीत में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जौनपुर में मलिन बस्ती के लोगो से मुलाकात कर स्वच्छता ही सेवा के बारे में लोगों को जागरुक किया। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हापुड़ में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन समारोह के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म चलो जीते हैं देशभर में दिखाई जा रही प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बरेका में भी बच्चों ने यह फिल्म देखी। बरेली की दर्शक अंजुला ने कहा कि फिल्म में सभी को साथ लेकर चलने की प्रेरणा दी गई है। बाइट......

*प्रधानमंत्री के जो बचपन के बारे में दिखाया था और जैसे दिखाया था उसमें कि बचपन में एक छोटा सा बच्चा किस तरीके से किसी दूसरे के बारे में सोचता है तो ये सारी चीज़ें उनमें बचपन से ही थी तो आज भी वो अपने पूरे*

*देश को लेके चल रहे हैं किस तरीके से सबके बारे में सोच के चल रहे हैं। कैसे एक नीचे समाज को ऊपर लेके आया जाए ये चीज़ें हैं तो इसलिए आज जनता उनके साथ है वो भी प्रेरणादायक है।*

**लखनऊ में फिल्म देखने के बाद दर्शक अंकुर आनंद ने कहा कि युवा वर्ग को यह फिल्म ज़रूर देखनी चाहिए। बाइट......**

*प्रधानमंत्री जी के जीवन पे जो ये फिल्म बनी है चलो जीते है ये प्रधानमंत्री के बचपन से लेके और अभी तक के चीजों को दर्शाती है और वो बचपन में किस तरीके के संवेदनशील थे दूरदर्शी थे और जो उन्होंने बचपन से लेके अभी तक की जो चीज़ें करी है वो फिल्म में बखूबी बहुत अच्छे से दिखाया गया है। ये सभी वर्गों के लिए ये फिल्म एक प्रेरणादायक है स्पेशली आज के जो युवा है।*

——————————

**महराजगंज में आज दो बसों की आपस में टक्कर होने से 26 से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब महाराजगंज से गोरखपुर के लिए निकली रोडवेज़ की बस अनियंत्रित होकर सामने से आने वाली बस से टकरा गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे।**

——————————

**भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चार दिवसीय मैच आज ड्रॉ हो गया। ऑस्ट्रेलिया के 532 रन बनाकर पारी घोषित करने के जवाब में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 531 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 56 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाज़ देवदत्त**

पड़िक्कल को उनकी शानदार बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

(समाप्त)